Bharat Temples

गुरुदेव तेरी दुनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ,
पग पग पर धोखा है,
किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दूनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ।।

कोई मित्र बनाकर साथी,
संग साथ निभाता है,
कोई मित्र रूप में भी,
शत्रुता निभाता है,
इस मोह भरी दुनिया में,
किससे व्यव्हार करूँ,
पग पग पर धोखा है,
किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दूनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ।।

कोई प्रेम भरे शब्दों से,
मेरे मन को रिझाता है,
कोई कटु वचन कहकर,
मेरे दिल को दुखाता है,
इस पाप भरी दुनिया में,
किससे मैं बात करूँ,
पग पग पर धोखा है,

किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दूनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ।।

कई लोग पराए होकर,
दु:ख में रम जाते है,
कोई रोकर पूछे दु:ख,
और हंसके उड़ाते है,
इन कष्ट भरे अश्को का,
किससे इजहार करूँ,
पग पग पर धोखा है,
किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दूनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ।।

जब कोई मुझको छलकर,
मुझे दु:ख दे जाता है,
फिर सच्चे लोगो से भी,
मेरा मन घबराता है,
इन दिन दुखी लोगो पर,
कैसे उपकार करूँ,
पग पग पर धोखा है,
किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दूनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ।।

गुरुदेव तेरी दुनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ,

पग पग पर धोखा है,
किसका ऐतबार करूँ,
गुरुदेव तेरी दुनिया से,
कैसे मैं प्यार करूँ ।।

Singer : Bhawna Jain

Source: https://www.bharattemples.com/gurudev-teri-duniya-se-in-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw